तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 11 जून 2025



14 पैरी मिनी सिंचाई परियोजना से मैनपुर क्षेत्र...





14 बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों का किया आंकलन






## खबर संक्षेप

### कबीर प्राकट्य उत्सव में सांसद चंदूलाल व विधायक होंगे शामिल

**राजिम।** राजिम कबीर आश्रम में आज बुधवार 11 जून को सुबह गुरूमहिमा पाठ, ध्वजारोहण एवं संतो का प्रवचन होगा। इस अवसर पर चौका आरती व नगर पंचायत के पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी, प्रमुख अतिथि राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू होंगे। अध्यक्षता विधायक रोहित साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने दी।

### पांच कांग्रेसी 6 साल के लिए निष्कासित

**छुरा।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा की उपस्थिति में बैठक स्थानीय विश्राम गृह में रखा गया। इसमें कांग्रेस के 5 सदस्यों को पार्टी विरुद्ध कार्य केलिए नोटिस देकर 7 दिन के अंदर जवाब मांगा गया। जवाब नहीं देने पर उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से विष्णु नागेश, कृष्ण दीवान, अशोक पटेल, होमन सोनी व दिलीप बघेल है।

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा के एक व्यक्ति से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले वकील के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मकसूद कुरैशी निवासी वार्ड नं 15 दैहानी भाठा बागबाहरा ने बताया कि 7 जून को रात 7.45 बजे वह फुलवारी पारा चौक में मोबिन कुरैशी के घर के सामने त्यौहार व पारिवारिक कार्य होने के कारण सभी लोगों के साथ बैठा हुआ था, इसी दौरान पेशे से वकील अब्दुल कादिर जिलानी अपनी स्कूटी से आया और स्कूटी में बैठकर ही उसे घूरते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में ड्राइवर की मौत

**महासमुंद।** हाईवा के पीछे से टकराने से एक वाहन चालक की मौत हो गई। घटना को लेकर प्रार्थी मनीष श्रीवास निवासी वार्ड नं0 16 इंदिरा नगर सुपेला थाना सुपेला जिला दुर्ग ने बसना पुलिस को बताया कि 9 जून की रात की रात्रि करीबन 10 बजे अपने साथी जितेंद्र वर्मा के साथ उसके वाहन 407 क्रमांक सीजी 07 सीए 7058 में रेलवे का सामान भरकर कोहका भिलाई से बरपाली ओडिशा जा रहा था। वाहन को जितेंद्र वर्मा चला रहा था। 10 जून को करीबन 3.30 बजे थाना बसना अंतर्गत एनएच 53 रोड ग्राम बरबसपुर के पास अज्ञात हाईवा वाहन को बिना संकेतक दिये उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक खड़ा कर दिया था, जिससे उनका वाहन टकरा गया, जिससे जितेंद्र वर्मा के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### फॉरेस्ट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला 13 को

**महासमुंद।** फॉरेस्ट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला 13 जून को होगा। जेनेसिस वर्सेस नम्रता स्ट्राइकर्स के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। आज हुए सेमीफाइनल मुकाबले में नम्रता स्ट्राइकर्स ने कृष्णा वारियर्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में कृष्णा वारियर्स ने निर्धारित दस ओवरों में 127 रन बनाए और नम्रता स्ट्राइकर्स को जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नम्रता स्ट्राइकर्स की टीम के ओपनर बल्लेबाजों ने पावर प्ले के शुरुआती दो ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए मजबूत शुरुआत दी।

## बैठक : 15 से 30 जून तक जनजाति गांवों में लगेंगे विशेष शिविर

# जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व भण्डारण पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उईके ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं में प्रगति लाने आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा के बैठक में बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने वाले जिला अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। साथ ही कार्यालयीन समय में उपस्थित रहने की चेतावनी दी। श्री उईके ने जिले में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठे, रेत खनन एवं परिवहन और सख्ती के साथ कार्यवाही करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किये, साथ ही अवैध रूप से कृषि भूमि को प्लॉटिंग करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन पर निगरानी रखते हुए संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके लिए राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहकर अपने क्षेत्रों की निगरानी बनाये रखने को कहा। साथ ही अवैध खनिज के मामला संज्ञान में आने पर सक्रियता से पहल करते हुए संलिप्त लोगों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला अधिकारी अपने ▶▶| शेष पेज 12 पर

- कलेक्टर उइके ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश




### पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का करें भण्डारण

कलेक्टर श्री उईके ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए वर्तमान में चल रहे कृषक चौपाल, केसीसी कार्ड, खाद-बीज भण्डारण वितरण एवं जैविक खेती के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों के लिए किसानों को खाद बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। कलेक्टर ने पीएम आवास की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो को तेजी से पूर्ण करते हुए हितग्राहियों को आवास की सुविधा से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों में समय-सीमा के लंबित आवेदनों एवं पेंशन प्रकरणों की भी जानकारी लेकर प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### गांवों में छूट गए लोगों के मनरेगा जॉब कार्ड

जिले के 334 ग्राम को इस अभियान में शामिल किया गया है। इनमें विकासखंड गरियाबंद अंतर्गत कुल 126 ग्राम, मैनपुर अंतर्गत कुल 144 ग्राम, छुरा अंतर्गत 50 ग्राम, फिंगेश्वर अंतर्गत 5 ग्राम एवं विकासखड-देवभोग अंतर्गत 9 ग्राम शामिल है। इन 334 ग्रामों के कल्याण एवं संवर्धन के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार कार्य योजना बनाकर संबधित विभागों ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। इन शिविरों में ग्रामीणों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ उन्हें राजस्व विभाग की अन्य दूसरी सेवाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बीमा कार्ड, श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, गांवों में छूट गए लोगों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले में संत कबीर प्राकट्योत्सव आज



**फिंगेश्वर।** संत कबीर प्राकट्योत्सव जिले एवं अंचल में 11 जून को उनके अनुयायी मनाएंगे। लोक भजन का विमोचन सुप्रसिद्ध सुंदरानी विडियो वल्ड में हुआ। विभिन्न स्थानों पर आयोजित हो रही है जिसमें मानिकपुरी समाज जिला ईकाई द्वारा जिला मुख्यालय गरियाबंद, कबीर आश्रम नवापारा और कबीर कुटी चौबे बांधा राजिम, बोरसी के साथ साथ ग्रामीण स्तर पर मनाया जाएगा। अंचल के लोक कला और साहित्यकार गौकरण ने बताया इस अवसर पर उनके और उनके भजन टीम द्वारा कबीर साहेब के ऊपर आधारित छत्तीसगढ़ी कायाखण्डी भजनों का रिकार्ड प्रदेश के सुप्रसिद्ध सुन्दरानी फिल्म प्रोडक्शन रायपुर पर दर्ज कराकर लांच कराया गया है, जिसमें भजन रचना पारम्परिक और स्वरचित है। गायन गौकरण मानिकपुरी, रुक्मणी दीवान श्यामा निर्मलकर, महेश्वरी सिन्हा, प्रकाश दास मानिकपुरी, संगीत लेखन मानिकपुरी, खिलेश्वर निषाद, त्रिलोक ध्रुव, लोमश साहू, महेश निर्मलकर हैं। निर्माता मोहन सुंदरानी एवं निदेशक लखी सुंदरानी है।

## युक्तियुक्तकरण का विरोध कांग्रेस का धरना, रैली और घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के निर्देशानुसार, ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा और वरिष्ठ कांग्रेसी नथमल शर्मा के नेतृत्व में छुरा ब्लॉक मुख्यालय में एक दिवसीय धरना, रैली और शिक्षा कार्यालय का घेराव किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विश्राम गृह, छुरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार राज्य में कुशासन, अराजकता और जनता व कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर ने युक्तियुक्तकरण शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि यह तर्क और न्याय सम्मत समायोजन होता ▶▶| शेष पेज 12 पर

### स्कूलों को बंद कर शिक्षक भर्ती के पैसों को अन्य सेक्टरों में लगाना चाह रही भाजपा

कांग्रेस कार्यकर्ता रमेश शर्मा ने इस योजना को युक्तियुक्त पैसा जुगाड़ने का ही युक्तियुक्तकरण करार दिया। वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भोले-भाले नागरिकों को झूठ बोलकर भाजपा सत्ता में तो आ गई, पर अब उनके पास पैसा नहीं है। वे स्कूलों को बंद कर शिक्षक भर्ती के पैसों को अन्य सेक्टरों में लगाना चाह रही है। निलंबित, बर्खास्त कर कम पैसा देकर नई नियुक्ति करना चाह रही है, इस बात को कर्मचारी व जनता को समझना होगा। धरना स्थल में अशोक दीक्षित, नियाज अली, समद खान, शमीम बाबा, सलीम मेमन, मन्नू चौहान, चमन साहू, पंच राम आदि ने भाजपा की साय सरकार के सुशासन की भारी आलोचना करते हुए इसे कुशासन और /"रिमोट में चलने वाली सरकार/" करार दिया। अंत में, सभी कार्यकर्ताओं ने रैली के तौर पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नक्सली दहशत की याद दिलाते तेंदूपत्ता गोदाम का पुनर्निर्माण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज ढेड़ किमी दूर वन विभाग का तेन्दूपत्ता गोदाम को 5-6 वर्ष पहले नक्सलियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए रात में आग के हवाले कर दिया जिसके कारण करोड़ो रूपये के तेन्दूपत्ता उस समय जल गया और तो और तेन्दूपत्ता गोदाम भी पूरी तरह जलकर तहस नहस हो गया है इसकी जानकारी लगते ही तत्कालिन पुलिस अधीक्षक एवं आला अफसर पहुंचकर फायर बिग्रेड को बुलाया गया था फायर बिग्रेड को तेन्दूपत्ता के गड्डियों का आग बुझाने चार से पांच दिनो का समय लगा था यह तहसील मुख्यालय से लगे नाउमुड़ा गोदाम मे सबसे बड़ी नक्सली घटना थी जिसमें तेन्दूपत्ता जहां करोड़ो रूपये के जल गये वहीं करोड़ो के गोदाम भी जलकर खाक हो गया लेकिन पिछले पांच–छह वर्षो के भीतर इस तेन्दूपत्ता गोदाम को वन विभाग द्वारा अबतक न तो तोड़कर नया बनाया गया और न ही इसका जीर्णोध्दार किया गया है जिसके कारण इस मार्ग



से आने जाने वाले लोगो को आज भी यह जला हुआ और नक्सली घटना मे ध्वस्त गोदाम नक्सली दहशत को याद दिलाता है इसलिए वनविभाग एवं संबंधित विभाग को चाहिए कि तत्काल इस गोदाम को तोड़कर इसका पुर्ननिर्माण किया जाना चाहिए साथ ही नया गोदाम का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि लोगो ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कोपरा नर्सरी पेड़ कटाई विवाद, कांग्रेस ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



नगर पंचायत कोपरा में स्थित पैरी नदी तट की नर्सरी में अवैध पेड़ कटाई और लकड़ी बिक्री का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी खुलकर सामने आ गई है। सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले नर्सरी में सूखे पेड़ों की कटाई के नाम पर हरे-भरे पेड़ काटे गए और बिना किसी नीलामी या प्रस्ताव के उनकी लकड़ी बेच दी गई। इस पूरे मामले की खबर स्थानीय समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने नायब तहसीलदार योगेंद्र देवांगन को जांच के लिए भेजा था। लेकिन मौके पर मौजूद हरे पेड़ों की ठूंठ नजरअंदाज करते हुए केवल गिरे हुए सूखे पेड़ों का पंचनामा तैयार किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा बिना किसी आधिकारिक प्रक्रिया के पार्षद थानेश्वर साहू के माध्यम से लकड़ियों की बिक्री की गई, लेकिन इस मामले की सही जांच नहीं की गई। इसी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान कांग्रेस के नंदकुमार साहू, बेदराम साहू, नंदराज बंशे, विक्रम साहू, शिवम सिन्हा, अनिरुद्ध साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस ने चेताया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## बिजली के स्वास्थ्य शिविर में 167 लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

महामहिम राज्यपाल के गोद ग्राम मड़वाडीह में 5 जून को दिए गए निर्देशों के बाद, स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर-राजिम की ओर से 10 जून 2025 को राज्यपाल के गोद ग्राम पंचायत बिजली में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 167 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग करना था।




इसके अतिरिक्त, शिविर में बीपी, शुगर, टीबी, नेत्र जांच, चर्म रोग जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण और वयोवृद्ध कार्ड भी बनाए गए, साथ ही निःशुल्क ▶▶| शेष पेज 12 पर

## परिवहन विभाग का शिविर 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में इन दिनों लगातार परिवहन विभाग द्वारा गांव- गांव में शिविर लगाकर लर्निंग लाईसेंस एवं पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन चिन्ह बनाने के लिए आयोजन किया जा रहा है। मैनपुर ब्लॉक के धुरवागुड़ी में 12 जून, तेतलखुंटी में 14 जून, मुचबहाल में 16 जून एवं 18 जून को उरमाल मे शिविर का आयोजन किया गया है।



## भगवान बिरसा मुंडा बलिदान दिवस मनाया गया

# बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर आदिवासी महिला कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भगवान बिरसा मुंडा बलिदान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय आदिवासी महिलाओं की कार्यशाला गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में चित्रलेखा ध्रुव पार्षद हेमलता ध्रुव सरपंच तुलसी ध्रुव ,केसरी नेताम ,भगवती दीवान, गुंजा ठाकुर ,तुलेश्वरी कंवर, ज्योति ठाकुर ,परागा ध्रुव,मंचासीन रहे सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के तैल चित्र पर आदिवासी परंपरा के विधि विधान से पूजा अर्चना की गई पश्चात अतिथियों का स्वागत परंपरा अनुसार पीला चावल ,पीला गमछा के साथ महुआ फूल के हार द्वारा किया गया स्वागत गीत एवं भाव नृत्य भी आदिवासी बच्चों के द्वारा प्रस्तुति की गई कार्यशाला का प्रारंभ एवं उद्देश्य के विषय में राजेश्वरी ठाकुर के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई ,भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में किसी को ईश्वर का अवतार माना गया तो वह थे।

### स्वधर्म की रक्षा के लिए वे आजीवन संघर्षरत रहे

महान क्रांतिवीर बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज भगवान बिरसा मुंडा ने स्वाधीनता के लिए नारा दिया था अबुजा दिशोम अबुजा राज यानी, अपना देश अपना राज, स्वराज की इस घोष के साथ उन्होंने उलगुलान आंदोलन प्रारंभ किया भगवान बिरसा मुंडा एक राष्ट्रीय नायक थे जिनका प्रभाव झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे राज्य में भी था स्वराज तथा स्वधर्म की रक्षा के लिए वे आजीवन संघर्षरत रहे, इसके पश्चात जनजातीय आदिवासी महिलाओं की समस्या चुनौतियां एवं समाधान विषय पर कार्यशाला में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग ,पुलिस विभाग, कृषि विभाग ,के द्वारा चर्चा की गई साथ साथी बदलता परिदृश्य और आदिवासी जीवन शैली पर चर्चा परिचय गोष्ठी की गई। कार्यक्रम का समापन आदिवासी रेलापाट, बस्तर नृत्य, कमार नृत्य, सरगुजा नृत्य सामूहिक नृत्य के साथ किया गया जिसमें उपस्थित सभी शामिल हुई। कार्यक्रम संचालन कुमारी चांदनी ठाकुर एवं निर्मला ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाजसेवी शीतल ध्रुव, कुलेश्वर मरकाम, पवन ध्रुव, परमेश्वर नेताम, हुमेश्वरी ठाकुर, यमुना ठाकुर सुजाता, खिलेश्वरी सोम, कमलेश्वरी धुर्वा, ज्योति ठाकुर, उषा कंवर, भोज कंवर, अंशु दीवान, रेवती, तनुजा ध्रुव, पद्मनी नेटी एवं आदिवासी महिलाएं उपस्थित थी।

## ग्रामीण बारिश पूर्व खपरैल पलटने में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम बकली में बरसात पूर्व ग्रामीण खपरैल की मरम्मत कर रहे हैं ताकि बारिश का पानी घर के अंदर न आए और उनका मिट्टी का आशियाना सुरक्षित रहे।

खपरैल मरम्मत कर रहे ग्राम बकली के ग्रामीण ने विष्णु साहू,तुलसी यदु ने बताया कि बंदरों की जमात उत्पात मचाकर खपरैल को अत्यधिक नुकसान पहुंचाते हैं जिसकी मरम्मत में अत्यधिक धन खर्च हो जाता है।महंगाई में घर बनाना मुश्किल है।उन्होंने कहा कि शासन की योजना पीएम आवास के लिए आवेदन दिया गया है स्वीकृति मिला तो थोड़ी मदद हो जायेगी।

## खबर संक्षेप

### बिनौरी में लोकार्पण एवं पौधारोपण



**छुईहा बेलर।** राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर सरपंच पुरेना बिनौरी छबिलाल ध्रुव के साथ पंचायत पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामवासी के सहयोग से पौधारोपण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत बिनौरी में विधायक मद से स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में किया गया। इस मौके पर सरपंच छवि राम ध्रुव, तेजराम साहू, शीतल कुमार साहू, टीकम साहू, घनश्याम साहू, कोमल साहू, बाबूलाल साहू, यादराम यादव, हिमांशु ध्रुव, सचिव कन्हैया सिन्हा उपस्थित थे।

### बकली के हाईस्कूल में किया गया पौधा रोपण



**फिंगेश्वर।** ग्राम बकली के हाईस्कूल परिसर में विधायक रोहित साहू के जन्मदिन एक पेड़ मां के नाम थीम पर ग्राम पंचायत बकली की ओर से पौधारोपण किया गया। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि हीराधार साहू, भाजपा मंडल के धर्मेंद्र ध्रुव, पंच संजय साहू, पंच प्रवीण सेन, दिनेश कुमार साहू, श्यामचरण साहू, ओमप्रकाश साहू, कमल साहू, खिलेश साहू उपस्थित थे।

**तैयारी:** वर्षा ऋतु से पहले की तैयारी, महानदी के तटीय इलाकों के लिए तैयारी जारी

# बाढ़ आपदा से निपटने हुई मॉकड्रिल नए पुराने संसाधनों की हुई परख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाढ़ आपदा से निपटने के लिए रविवार को खरोरा के तालाब में मॉकड्रिल की गई। नगर सेना ने इस दौरान उपलब्ध संसाधनों को परखा गया। बाढ़ से निपटने के लिए दो बोट, 40 लाइफ जैकेट व मनिला कटर आदि की व्यवस्था है। बाढ़ आपदा आने पर सबसे पहले बचाव के लिए इन्हीं उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। बांधों से पानी छोड़ने पर ही नदियों का जलस्तर बढ़ता है। महानदी के आस-पास के गांव ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कमी आई। कई जगह पक्के घाट बनाए गए हैं। इसके अलावा पुल और पुलिया की ऊंचाई बढ़ाई गई है। जिससे पहले जैसी स्थिति नहीं है। 2020-21 तक 79 गांव बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आते थे, लेकिन इनकी संख्या में कमी आई है। अब लगभग 39 गांव ही बाढ़ प्रभावित



इलाकों में आते हैं। महानदी, सूखनदी और कोडार बांध के तहत यह गांव आते हैं। पिछले पांच वर्षों में किसी गांव में बाढ़ जैसे हालात नहीं बने हैं। फिर भी प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जाती है। मानसून सीजन में जब लगातार बारिश होती है और नदी-नाले उफान पर होते हैं, तभी ऐसी स्थिति बनती है।

### बाढ़ आपदा के लिए यह संसाधन तैयार

बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बोट 2, इमरजेंसी लाइट 2, लाइफ जैकेट 40, लाइफ ब्वाय 40, मनिला रोप 10, नायलोन रोप 8 और पेड़ कटर 2 हैं। इधर, जिला मुख्यालय में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की सुविधा रहेगी। कंट्रोल रूम में वर्षा ऋतु तक कार्य करेगा। जिला सेनानी अनुज कुमार ने बताया कि रविवार को खरोरा के तालाब में मॉकड्रिल की गई।

### कंट्रोल रूम होगा शुरू

जिला मुख्यालय में एक जून से जिले 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की सुविधा की शुरुआत की जा चुकी है। कंट्रोल रूम में वर्षा ऋतु तक कार्य करेगा। पिछले दिनों कलेक्टर ने दूरस्त इलाकों में पहले से ही खाद्यान्न, नमक, कैरोसीन व दवाइयों के भंडारण के निर्देश दिए थे।

# राजिम में विधायक का हुआ ऐतिहासिक स्वागत



**राजिम।** राजिम के इतिहास में पहली बार कोई राजनेता या विधायक का ऐसा स्वागत-सत्कार सोमवार को देखा गया जब विधायक रोहित साहू को जन्मदिन की बधाई देने के लिए उनके राजिम निवास से लेकर गृहग्राम पिपरछेड़ी और सेम्हरतरा तक देखा गया। सुबह से लेकर आधी रात तक लोगो की रेलमपेल भीड़ देखी गई। हजारो की संख्या में पहुंचकर लोगो ने न केवल माला,बुकें भेंट किए बल्कि मिठाई खिलाते रहे। खास बात यह रही कि इस भीड़ में मातृशक्तियों और युवा वर्ग अधिक नजर आए। मंदिरो में सुबह से लेकर दोपहर तक वे अपने धर्मपत्नी भुनेश्वरी देवी साहू के साथ भगवान श्री राजीव लोचन,मां महामाया,बाबा गरीबनाथ मंदिर और हनुमान जी के मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना कर समूचे राजिम क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। साथ में विधायक श्री साहू के तीनों बच्चे कुमारी पायल, कुमारी प्राची और बेटे झील कुमार साहू भी मौजूद थे। महिलाओं ने तालाब से कमल का फूल लेकर आई थी तो कुछेक बड़ा केक और गजमाला भी। नगर पंचायत में विधायक को धान से तौला गया। विधायक श्री साहू अपने जन्मदिन के अवसर पर विष्णुराम साहू और माता बिसाहिन देवी साहू का चरण छुकर आशीर्वाद लिया। सेम्हरतरा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्र-छात्राओं का सम्मान उन्होने किया। पूरे क्षेत्र में पौधारोपण की बहार आई हुई थी। ट्राइसिकल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू के पिपरछेड़ी निवास में भोजन का कार्यक्रम रखा गया था। विधायक रोहित साहू को जन्मदिन के अवसर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू,विजय कंडरा, पार्षद टंकु सोनकर, प्रवीण पुष्कर, मनीष हरित, राजू साहू, किशोर साहू, ओंकार साहू, नेहरू साहू, नेपाल साहू, सतीश यादव, ललित सिन्हा, इंद्राणी साहू, नंदनी साहू, छाया राही, देवकी साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# रेत माफियाओं द्वारा पत्रकारों से मारपीट व बदसुलूकी निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



क्षेत्र में अवैध रेत खनन की कवरेज करने पहुंची पत्रकारों से मारपीट का मामला सामने आया है जो एक गंभीर विषय है । और हद तो तब हो गई जब पत्रकार जान बचा कर भागे तो रेत माफियाओं ने हवा में फायरिंग शुरू कर दी। हमारे लोकतंत्र चौथे आधार स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों पर इस तरह की जानलेवा हमला एवं उनसे बदसुलूकी होना एक गंभीर मामला है। ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी लीलाराम सिन्हा ने कहा कि रेत माफियाओं द्वारा इस तरह के खुलेआम दादागिरी प्रदेश के भाजपा राज में हि संभव है।भाजपा सरकार में अगर पत्रकार सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा का दावा करना डबल इंजन सरकार कि खोखला सुशासन को प्रदर्शित करता है। आगे मीडिया प्रभारी लीलाराम सिन्हा ने कहा कि कि स्थानीय वि धा य क जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे बैठा है, पूर्व में यही भाजपा जब जब रेत माफियाओं की बात होती थी तो पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल को निशाना बनाते हुए कांग्रेस सरकार को बदनाम कतरे रहे । किंतु आज सत्ता सरकार उनके हाथों में होने के उपरांत उनका शांत रहना गहरी आशंकाओं को जन्म देती है।और भाजपा सरकार की नाकामी का हि परिणाम है कि आज प्रदेश में इस तरह के मामले सामने आ रहे है।

# विधायक जनसेवा और सर्व समाज को साथ लेकर चलने का सजीव उदाहरण : रामाधार



**हरिभूमि न्यूज छुईहा बेलर।** एक बार फिर राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने स्नेहिल और आत्मीय व्यवहार का परिचय देते हुए, अपने जन्मदिन के अवसर भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पास बुलाकर अपने क्षेत्र में विकास कार्य के लिए स्वीकृत कार्य का भूमिपूजन लोकार्पण करने की अनुमति दिया और सामाजिक कार्यों में सहभागिता के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान रामाधार साहू, सरपंच प्रतिनिधि राकेश गामनी घृतलहरे,रामू साहू, योगेश देवांगन,चनद्रिका साहू,डा रमाकांत साहू,तुलस वर्मा, अश्वनी साहू,दिपचंद सिन्हा,दया देवांगन,खुशी नगारची, इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता सेंदर उपस्थित थे। ग्राम सेंदर में सोमवार को विधायक के जन्मदिन दिवस के अवसर पर पूर्व सरपंच व भाजपा नेता के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को गति प्रदान करते हाई स्कूल जिम परिषर में पौधा रोपण किया गया। कहा की यह अभियान पर्यावरण के प्रति अपना दायित्व निभाने के साथ-साथ माताओं के प्रति श्रद्धा और समर्पण भाव दर्शाने की अनुपम वाक्या को दर्शाता है।यह अभियान देश के पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान ...



**राजिम।** विधायक रोहित साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। जरूरतमंदों को ट्राइसिकल वितरण और विभिन्न निर्माण कार्यो को भूमिपूजन भी। समर्थकों ने धान से तौला भी।



# गायत्री परिवार ने लगाए पीपल व बरगद के पौधे



**राजिम।** गायत्री शक्तिपीठ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीपल और बरगद का पेड़ मोरहा तालाब में लगाया गया। इस अवसर पर संतोष साहू ,रामकुमार साहू ,पवन गुप्ता, साधु निषाद, पुरन यादव, अमृतलाल साहू, डॉ. रमेश साहू, कौशल साहू, डोमन ध्रुव, लोकसिंह नेताम, रिखीराम साहू, इंद्रदेव दीवान, सागर उपस्थित रहे।

# डेढ़ साल बाद भी पीडब्ल्यूडी बोर्ड पर विष्णुदेव साय की तस्वीर नहीं




**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य मे भाजपा की सरकार बनने के साथ विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बने ढेड़ वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग मे जगह जगह यात्री प्रतिक्षालय का जो निर्माण किया गया है। उसमें तस्वीर आज भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का लगा हुआ है और भूपेश बघेल को ही मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग मुख्यमंत्री बता रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के पास इतना भी समय नहीं है कि अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री का फोटो लगा सके और इस ओर न ही जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही स्थानीय प्रशासन।

## जिला मिशन समन्वयक ने प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की बैठक ली

# शाला प्रवेशोत्सव संग स्कूली व्यवस्था की तैयारी सुनिश्चित करें : नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जिला मिशन समन्वयक केएस नायक ने बीआरसी भवन फिंगेश्वर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा की उपस्थिति में प्राचार्य एवं समन्वयको की आवश्यक बैठक ली।

इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक केएस नायक ने शाला प्रवेशोत्सव के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि शाला प्रवेश उत्सव एक ऐसा कार्यक्रम है जिनका उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में बच्चों को स्कूल में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करना और उनका स्वागत करना है।इसके साथ साथ बच्चों को स्कूल में प्रवेश लेने के तैयार करते हुए उन्हें एक सकारात्मक और स्वागतपूर्ण वातावरण में गुणवत्तायुक्त



शिक्षा प्रदान करना है।उन्होंने आगे कहा कि शाला प्रारंभ होने के पूर्व शाला भवन,परिसर,अध्यापन कक्ष के साथ साथ शौचालय की साफ- सफाई एवं मरम्मत कर लेवें। वहीं शाला को आकर्षक एवं परिसर में प्रिंट रिच वातावरण बनाया जावे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव हेतु स्थानीय



जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति,पालक एवं गणमान्य नागरिकों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित की जावे।

### पुस्तकों को अनिवार्य रूप से करें स्कैनिंग

वहीं निशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश निशुल्क सायकल वितरण करते हुए बोर्ड परीक्षा एवं स्थानीय परीक्षा में मेधावी अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित की जावे। समग्र शिक्षा गरियाबंद प्रोग्रामर नदीम ने बताया कि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक को वितरण करने के पूर्व सभी पुस्तकों को अनिवार्य रूप से स्कैनिंग करने के लिए टीबीसी ऐप के माध्यम से पुस्तक के पीछे दी गई बार कोड को अनिवार्य रूप से स्कैनिंग कर ली जावे। इसके साथ साथ जिन शाला का यू डाइस प्रोगेस कार्य अपूर्ण है उसे शीघ्र पूर्ण कर लेवें। इस अवसर पर प्राचार्य एमएल कंवर, पूरन लाल साहू, कृष्ण कुमार यद्दु, कमल पांडे पीआर नेताम, बसंत साहू, वर्षा नेताम, मुकेश निर्मलकर, सिंधु साहू, मेघा ठाकरे, पीआर बघमार रामकुमार साहू, रम्भा ध्रुव, कुमान सिंह ध्रुव, ओमप्रकाश सिन्हा, नारायण सिंह ठाकुर, राकेश वर्मा, संतोष ठाकुर, समन्वयक गैंदूराम पटेल, पुराणिक ध्रुव, भुवन यद्दु, दिनेश सोनी, नरेश साहू, अनिल मेघवानी, सुखेन साहू, सुरेश गुप्ता अशोक सोनवानी, लेखापाल मनीष देवांगन चेतन गायकवाड, नेतराम तारक सहित विकासखंड फिंगेश्वर के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### जिले में खनिजों...

अधीनस्थ कर्मचारियों का सर्विस बुक संधारित कराये। जिससे कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दौरान कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा लिए गए गोद ग्राम पंचायत बिजली एवं उनके आश्रित गांव मड़वाडीह में गांव के विकास के लिए तैयार किए जाने वाले रोड मैप के अधार पर सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जी आर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे। राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 से 30 जून तक जिले के 334 गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जायेंगे। कलेक्टर श्री उईके ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में शिविर आयोजन की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर ले। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है।

### युक्तियुक्तकरण के...

है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के पास धन की कमी के कारण पारा-टोला के छोटे स्कूलों को निकटस्थ माध्यमिक शालाओं में मर्ज किया जा रहा है। साथ ही, यहां के शिक्षकों को अन्य विकास खंडों में भेजा जा रहा है और वहां के शिक्षकों को यहां लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न तो कोई सेट-अप जानकारी दी गई है, न ही रिक्त या अतिरिक्त शिक्षकों की जानकारी। जबरन काउंसलिंग में रिक्त पदों की जानकारी चहेते लोगों के लिए छुपाकर दूर-दूर की शालाओं के नाम दिखाकर चुनने को कहा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में पदस्थ प्रधान पाठक होने के बावजूद और प्रधान पाठकों को भेजकर उनका घोर अपमान किया गया है, वहीं भाजपा नेताओं के दबाव में आकर वरिष्ठ शिक्षकों को हटाकर चहेते जूनियर शिक्षकों को यथावत रखा जा रहा है, जिससे संघ, समाज और पार्टी में भारी आक्रोश है।

### स्कूलों को बंद...

शिक्षा कार्यालय में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें रिक्त, अतिरिक्त, मर्ज की गई शालाओं सहित संपूर्ण जानकारी तत्काल मांगी गई। इस अवसर पर डॉ. योगेंद्र चंद्राकर, राजा यशपेंद्र शाह, भानु वर्मा, थानू राम, नंद देवांगन, राम लाल, बुढ़ान, गंगा राम, ईश्वर ठाकुर सहित सभी पार्षद गण और सभी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रहलाद यदु एवं पार्षद हरीश यादव ने किया।

### नक्सली दहशत की...

के मन से नक्सली दहशत खत्म हो सके क्योंकि छत्तीसगढ़ मे अब तेजी से नक्सलियों का सफाया हो रहा है छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा मे जो कार्य कर रही है नि''चत रूप से उसमें अबतक बड़ी सफलता मिली है। मैनपुर से महज ढेड़ किलोमीटर दुर ग्राम नाऊमुडा स्थित गरियाबंद वन मंडल अतंर्गत वन परिक्षेत्र मैनपुर में लघु वनोपज तेंदुपत्ता गोदाम नाऊमुडा में करोड़ो की लागत से भवन का निर्माण किया गया था इस गोदाम में नक्सलियों ने आग लगा दिया था जिससे लगभग करोंडों रूपये के तेन्दुपत्ता जहा जलकर खाक हो गया था वही दुसरी ओर यह तेन्दुपत्ता गोदाम आज तक क्षतिग्रस्त टुटफुटकर गिर चुका है जिसका विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कई बार जायजा लिया जा चुका है, इस तेन्दुपत्ता गोदाम को जीर्णोधार का इंतजार है, और इसके स्थान पर नया भवन निर्माण किया जाना आवश्यक हो चला है। नक्सलियों द्वारा आगजनी के बाद टुटकर गिरे यह तेन्दुपत्ता गोदाम की बदहाल स्थिति की यह तश्वीर अपने आप सबकुछ बया कर रहा है । यह तेंदुपत्ता गोदाम की बदहाल हालत को देखकर नक्सली वारदात की लोगो को याद ताजा हो जाती है इसलिए इस जर्जर जल चूके गोदाम को तत्काल हटाकर इसके स्थान पर नया गोदाम निर्माण किए जाना आव''यक है लेकिन इस ओर अब तक वन विभाग द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाना समझ से परे है।

### बिजली के स्वास्थ्य...

दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर को सफल बनाने के लिए सरपंच, पंच, मितानिनों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ और पर्यवेक्षकों ने घर-घर जाकर शिविर की जानकारी दी और ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. व्हीके हिरौंदिया ने सरपंच, उपसरपंच, पंच, महिला समूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल गोद ग्राम बिजली में स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य होने हैं, जिनमें टीबी मुक्त पंचायत, कुष्ठ मुक्त पंचायत, शत-प्रतिशत टीकाकरण, सिकल सेल जांच और रोगियों का निःशुल्क उपचार, शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण और द्धय वंदना कार्ड निर्माण शामिल हैं। टीबी मुक्त पंचायत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, 20 टीबी शंकास्पद मरीजों का निःशुल्क परिवहन के माध्यम से चेस्ट एक्स-रे कराया गया। डॉ. हिरौंदिया ने यह भी बताया कि अब प्रत्येक गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से विविध शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें चर्म रोग जांच निदान शिविर, नेत्र जांच उपचार शिविर, आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर (बीपी, शुगर जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड निर्माण), माहवारी स्वच्छता शिविर, एनीमिया मुक्त भारत अभियान और टीकाकरण सत्र शामिल होंगे। इसके अलावा, 25 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम में बालकों कैंसर मेडिकल सेंटर के सहयोग से एक वृहद कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिजली, मड़वाडीह सहित पूरे विकासखंड के सर्वाइकल और स्तन गांठ वाले मरीज अपनी स्क्रीनिंग करा सकेंगे। डॉ. हिरौंदिया ने सभी से स्वास्थ्य जांच शिविरों में सहयोग करने की अपील की ताकि समय पर समुचित उपचार प्रदान किया जा सके। इस शिविर में विशेष रूप से सरपंच श्रीमती पदमा मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल, पंच कुमारी निषाद, चेमीन साहू, बिमला ढीढी, मिथिलेश्वरी ध्रुव, बीपीएम सौरभ विरमानी, बीईटीओ योगेश पराना, चिरायु टीम के एसटीएस संतोष साहू, पर्यवेक्षक राधा सोनी, लेखराम वर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू, आरएचओ राजेंद्र साहू, प्रीति तुमनिया, सीएचओ पल्लवी सोनी, माहेश्वरी साहू, मितानिन प्रशिक्षक, समस्त मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्वयं सहायता शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 11 को रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 11 जून को प्रदेशभर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम "गिव ब्लड, गिव होपः टुगेदर वी सेव लाइव्स" के संदेश को लेकर यह आयोजन राज्यभर में आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को आरोग्य मेलों के अंतर्गत इन कार्यक्रमों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन में रक्तदान के लिए पंजीकरण, शपथ ग्रहण समारोह, जनजागरूकता रैलियाँ और उत्कृष्ट रक्तदाताओं का सम्मान जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। गाँवों में भी कार्यक्रमों को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच की अगुवाई में रक्तदान शपथ समारोह आयोजित किए जाएंगे। नागरिकों को यह शपथ हिंदी, अंग्रेज़ी और स्थानीय भाषाओं में दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त युवाओं और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से रैलियाँ, पोस्टर प्रदर्शनी और अन्य जनजागरूकता गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।विभाग ने स्पष्ट किया कि इस पहल को एक जन-आंदोलन का रूप देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस मानवसेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

### खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसानों के पास नहीं है पर्याप्त समय

# मानसून के भटकने से किसान चिंतित, 15 जून के बाद मानसून आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मानसून के आने के पहले किसानों को खरीफ फसल के लिए खेतों को तैयार करना होता है, लेकिन इस बार मौसम में खराबी के चलते रबी फसल में लगाए गए धान की कटाई देरी से हुई है, जिसके कारण किसानों के पास खेत को तैयार करने का समय नहीं है कुछ दिनों के अंतराल में हो रहे बारिश से खेत सूख भी नहीं पा रहा है मानसून के साथ खरीफ फसल में लिया गया धान का फसल किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है खरीफ फसल की तैयारी किसान मानसून के महीने भर पहले से करते हैं खेत बराबर करने के साथ गोबर खाद डालने का काम मानसून के पहले पहले कर लिया जाता है और पहली बारिश के बाद से किसान खेतों की जुताई प्रारंभ कर देते हैं। वहीं अब ज्यादातर किसान साल में दो बार फसल लेते हैं इसके चलते किसानों को फसल के पहले खेत तैयार करने पर्याप्त समय नहीं मिल रहा है जिससे खेत की उर्वरकता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस साल मौसम बार–बार खराब हो रहा है, इस समय तक खेतों में लगे फसल की कटाई आमतौर पर हो जाती है, जिसके बाद किसान खेत तैयार करने जुट जाते हैं। वहीं इस साल धान कटाई समय पर नहीं होने के साथ खेत की जमीन गीली होने के कारण खेत तैयार करने परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि मानसून आने के बाद तो वे खेत जुताई में लग जाते हैं जमीन सूख नहीं पा रहा है जिसके कारण खेतों की मरम्मत, जुताई, खाद डालने का कार्य नहीं हो पा रहा है इसके कारण खरीफ फसल बोने में देर होने की संभावना बन रही है। मानसून की खबर के साथ ही किसान भी अब खरीफ फसल की तैयारी के लिए खेतों की ओर रूख करने लगे हैं साथ ही किसान सोसायटियों का चक्कर लगा खाद व बीज एकत्र करने के साथ केसीसी लोन व अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे है 15 जून के बाद मानसून के आने की संभावना है और इसके पहले किसानों को खरीफ फसल के लिए खेतों को तैयार करना होता है खेत बराबर करने के साथ गोबर खाद डालने का काम मानसून के पहले कर लिया जाता है और पहली बारिश के बाद से किसान खेतों की जुताई प्रारंभ कर देते हैं वहीं अब ज्यादातर किसान साल में दो बार फसल लेते हैं इसके चलते किसानों को फसल के पहले खेत तैयार करने पर्याप्त समय नहीं मिलता।

### खेत गिला होने के कारण तैयारी नहीं कर पा रहे

इस वर्ष नवतपा मे पूरे 9 दिन मैनपुर क्षेत्र मे रूक रूक कर झमाझम बारिश हुई जिसके कारण रबी फसल को भारी हानी पहुंचा है धान मक्का की खेती का हाल बेहाल है अभी भी कई किसान धान की कटाई नहीं कर पाए हैं हालाकि टिकरा भर्री भूमि वाले किसान इन दिनों खेतों की जोताई और साफ -सफाई के साथ खरीफ की तैयारी मे जुट गये है लेकिन जो किसान रबी फसल का धान लिए थे वे किसान अभी भी परेशान है खेत गिला होने के कारण तैयारी नहीं कर पा रहे है। इस साल मानसून की एन्ट्री अबतक नहीं हो पाई है जिसे लेकर किसान चिंतित है गत वर्ष 2024 में मानसून जून में प्रदेश मे एन्ट्री लेकर 10 जून तक ही सभी जिलों में सक्रिय हो गया था लेकिन ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है इस बार 15 जून के बाद मानसून आने की संभावना है।

# खाटु श्याम में भागवत, तीर्थ गुरु पुष्कर गोपीनाथ गोविंददेवजी के दर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

श्री सिद्धि विनायक परिवार के लगभग 120 लोगों का वृंदावन धर्मशाला खाटू श्याम में 31 में से 6 जून तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया,,जिसमें प्रदेश के दंतेवाड़ा, महासमुंद ,गरियाबंद, कांकेर, उत्तर बस्तर सहित विभिन्न जिला के लगभग 120 महिला पुरुषों ने कथा में भाग लिया,क्षेत्र के प्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन महाराज द्वारा प्रतिवर्ष क्षेत्र के दर्शन के साथ में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाता है, जिसमें कथा के अलावा आसपास के तीर्थ स्थलों का दर्शन भी किया जाता है, प्रतिदिन कथा का समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक उसके पश्चात आसपास के धार्मिक स्थलों का दर्शन आदि किया जाता है, इसके श्री सिद्धि विनायक परिवार पंडित त्रिभुवन महाराज के मार्गदर्शन में श्रीधाम वृंदावन, हरिद्वार ,रामेश्वरम, द्वारिका, अयोध्या, उज्जैन में कथा कार्यक्रम आयोजित हो चुका है, इस बार राजस्थान के खाटू श्याम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, खाटू श्याम में विशेष कर ग्यारस का काफी महत्व है इस दिन पूरे देश भर से लोग आकर श्याम बाबा का दर्शन करते हैं और जगह-जगह पर कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित करते हैं ,खाटू श्याम से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर रिंग्स स्थान है जहां पर से निशान, तोरण झंडा लेकर पैदल खाटू श्याम पहुंचते हैं ,इसमें सभी उम्र के लोग बैठकर भाग लेते हैं, यहां पर ग्यारह, द्वादश के दिन भक्तों का सैलाब रहता है, कथा का शुभारंभ खाटू श्याम के तोरण द्वार तक बाजा के साथ कलश यात्रा के साथ निकाली गई, उसके पश्चात कीर्तन और कथा का आनंद लिया गया, इसके अलावा श्याम कुंड, आलू महाराज एवं नगर के विभिन्न मंदिरों का दर्शन किया, साथ ही साथ सालासर के बालाजी हनुमान ,शाकंभरी शक्तिपीठ, तीर्थ गुरु पुष्कर, सावित्री मंदिर साथ जयपुर में श्री गोपीनाथ मंदिर, गोविंद देव मंदिर दर्शन किया गया ,यहां पर भी एकादशी पर काफी भीड़ देखा गया, भंडारा शरबत की व्यवस्था की गई ,प्रति वर्ष चलने वाला कथा करने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को इंतजार रहता हैं, कि प्रतिवर्ष कार्यक्रम में भाग लेना है ,ऐसा कहा गया है कि तीर्थ में होने वाले श्रीमद् भागवत कथा का फल कई गुना अधिक मिलता है, साथही विभिन्न स्थानों का दर्शन भी मिलता है ।

# सिद्ध हनुमान मंदिर में मना विधायक साहू का जन्मोत्सव

**राजिम।** जन्मोत्सव वाले सिद्ध हनुमान मंदिर जी के मंदिर में विधायक रोहित साहू का आतिशबाजी करते हुए फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पंडित विकास मिश्रा के मंत्रोच्चारण से सिद्ध हनुमान जी की मंगल आरती की गई। बताया जाता है कि हनुमान जी का यह मंदिर जन्मोत्सव मनाने के लिए क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है। यहां पर विधायक रोहित साहू के साथ पार्षद टंकु सोनकर के सुपुत्र रचित सोनकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विधायक जी के जन्मोत्सव के अवसर पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने भगवान श्री राजीव लोचन का तेल चित्र भेंट किया। जन्मोत्सव में प्रमुख रूप से पार्षद मंशाराम कुर्रे, टंकु सोनकर, बलराम यादव, बंधु साहू, शिवराज देवांगन, श्याम साहू ,विष्णु साहू, राजू साहू, भवानी



शंकर साहू, कुणाल गोस्वामी, इंद्रजीत कंडरा, जुगन कुलदीप, पहलाद गंधर्व, रामकुमार साहू, तरुण साहू, रिंकु, रितेश यादव,प्रवीण पुष्पाकर, भूपेंद्र यादव, गणेश पटेल, योगेश पटेल, यांशु साहू एवं छोटे-छोटे बच्चे तथा महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोविंद क्षेत्र की समस्या को लेकर पहुंचे कलेक्टर जनदर्शन में

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पाण्डुका



मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन मे भाजपा गरियाबंद मण्डल उपाध्यक्ष गोविन्द तिवारी पाण्डुका क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। उन्होंने आवेदन के रूप मे कलेक्टर को छुरा ब्लाक पाण्डुका क्षेत्र के गांवों में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चल रहे जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण नलजल विस्तार हेतु पाइप लाइन कार्य अधूरे और कुछ बंद पड़े हुए है उसे जल्द निर्माण व दुरुस्त करवा कर जनता के लिए सुविधा दिलाने के नाम से आवेदन दिया गया है। बता दें की विगत पांच वर्षों से पाण्डुका क्षेत्र के अतरमरा, रजनकटा, पाण्डुका, घटकर्रा, गाडघाट, कुरुद, सांकरा, सरकड़ा, तौरेंगा, मोहतरा, बोडराबंधा जैसे अनेक गांवों में जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्य अधूरा पड़ा है जिसका आम जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। वैसे ही पाण्डुका क्षेत्र के अधिकतर गांवों में कच्चे अवैध शराब निर्माण कर बेचे जा रहे है। आबकारी विभाग के गैर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ भी शिकायत की गई है। समय रहते आबकारी विभाग द्वारा धर पकड़ की कार्यवाही होते रहती तो सभी गांवों में अवैध कच्ची जहरीली शराब की खुलेआम बिक्री नहीं होती।



## खबर संक्षेप

### पोंड में टिन शेड व रंगमंच का भूमिपूजन

**पाण्डुका।** ग्राम पोंड (पाण्डुका) में 9 जून को क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा स्वीकृत टीना शेड निर्माण लक्ष्मी चौंक, रंगमंच निर्माण गायत्री मंदिर बाजार चौक में भूमिपूजन व हायर सेकंडरी स्कूल में वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत पोड़ सरपंच कौशल्या लीलाधर कंवर, उपसरपंच कुलेश्वर साहू, सचिव युवराज सिन्हा, रोजगार सहायक राधिका दुर्गेश भांडेकर व भाजपा कार्यकर्ता गोपाल साहू, बरातू साहू, मनीराम साहू, राजेंद्र साहू, पूर्णाचंद साहू, फ़नेंद्र साहू, सलीमुद्दीन खान, पंच ख़ेमीन बाई साहू, तुलसी चौरे, गांव एवं गणमान्य नागरिक निर्मल तारक, बीसे कश्यप, टीकमसाहू, पुनीत साहू उपस्थित थे।

### शहीद एएसपी गिरपुंजे को दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** कोंटा डिविजन के एडिशनल एसपी आकाश राव गिरपुंजे के ऊपर नक्सलियों द्वारा किए गए कायरना बम बलास्ट में शहीद होने पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने घटना की घोर निंदा की और कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नही जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार के नक्सली समाप्त आपरेशन और ज्यादा कठोर होगा। राठी ने कहा कि आकाश राव गिरपुंजे महासमुंद जिला में अपनी सेवाएं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में दी थी। वे एक जिंदादिल व्यक्तित्व के धनी थे। बड़े से बड़े मामलों को हंसते हुए सुलझाने में महारथ हासिल थी।

### राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन 26 तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किए जाते हैं। जिला कार्यालय व संचालनालय में राज्य खेल संघो से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण सम्मान हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना 2025-26 के अंतर्गत इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना में राईस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला निर्माण, बेकरी प्रोडक्ट्स, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़, बड़ी, नमकीन, अचार, सॉस, जैम, जेली, शहद, गुड़, चॉकलेट, मिठाई एवं कन्फेक्शनरी जैसी सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां पात्र हैं। इस योजना के तहत नवीन इकाई की स्थापना एवं पूर्व स्थापित इकाई के विस्तार/उन्नयन को पात्रता दी जाएगी। इसके लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को परियोजना लागत का अधिकतम 35 प्रतिशत की दर से 'क्रेडिट लिंक्ड पूंजीगत अनुदान अधिकतम 10 लाख तक की पात्रता होगी। लाभार्थी का अंशदान परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत अनिवार्य है, शेष राशि बैंक ऋण के माध्यम से आपूर्ति की जाएगी।

### निधन

#### खेमराज यादव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करकरा निवासी खेमराज यादव 34 वर्ष का देहवासन 9 जून को हो गया है। वे सामाजिक एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति दादू राम यादव के चतुर्थी सुपुत्र एवं भागवत आचार्य परमानंद युग पुरोहित के भतिजे थे। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।

---

**परेशानी : दो पहाड़ों को जोड़ा जा चुका है, केनाल व गहराई कम होने से नहीं रुकता पानी**

# पैरी मिनी सिंचाई परियोजना से मैनपुर क्षेत्र की 1500 हेक्टेयर भूमि हो सकती है सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

क्षेत्र के प्रमुख सिंचाई योजनाओं में एक महत्वपूर्ण पैरी डेम अपनी उपेक्षा के चलते इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल पा रहा है, शासन अगर थोड़ा से ध्यान दे दे तो इस पैरी डेम से लगभग 1500 हेक्टेयर खेतो में ग्रीष्म कालीन सिंचाई हो सकती है लेकिन इस पैरी डेम को पूर्ण करने के लिए क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधियों सहित संबंधित सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते एक महत्वपूर्ण सिंचाई योजना का लाभ से क्षेत्र की जनता पूरी तरह वंचित है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 03 किमी दूर पैरी उद्गम पहाड़ी के नीचे दो छोटी पहाड़ियों को आपस में जोड़कर पैरी डेम का निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 15 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था इसमें दोनो तरफ पहाड़ियों को जोड़ा जा चुका है लेकिन इसकी गहराई कम होने के कारण इसमें पानी नहीं रूक पाता और गर्मी के दिनों में मई और जून में यह सूख कर मैदान में तब्दील हो जाता है। उस समय संबधित विभाग के अधिकारियों ने योजना बनाई थी कि पहाड़ों से और पथर्री, ठेमली क्षेत्र के छोटी -छोटी नदियों से पानी का धार इस डेम में आकर रूकता है लेकिन डेम में केनाल नहीं होने के कारण बारिश का पानी बह जाता है, यदि सिंचाई विभाग के अधिकारी चाहे और क्षेत्र के किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने सोंचा जाए, इस डेम में गहरीकरण कार्य के साथ केनाल का निर्माण किया जाए तो निश्चित रूप से भाठीगढ़, हरदीभाठा, नहानबिरी, भटगांव, मैनपुर, गोपालपुर क्षेत्र के खेतो की प्यास बुझाई जा सकती है।



#### डेम निर्माण को पूरा किया जाए

ग्राम भाठीगढ़ के किसान हरिशचन्द्र नेगी, खेदू नेगी, रामदास वैष्णव, तुलसी राम नागेश, थानूराम धुर्वा, आशाराम यादव, दयाराम यादव, रामसिंह एवं क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सांसद महासमुंद, विधायक बिन्द्रानवागढ़ एवं कलेक्टर गरियाबंद सहित सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से मांग किया है कि पैरी उद्गम स्थल स्थित मिनी पैरी सिंचाई डेम निर्माण कार्य को पूरा कर क्षेत्र की जनता, साथ ही किसानों को इसका लाभ दिया जाए क्षेत्र के किसानों ने शासन से मांग किया है इस पैरी मिनी डेम की एक बार फिर से सर्वे करवाकर सिचाई सुविधा उपलब्ध कराने प्रयास करने की आवश्यकता है।

#### जनप्रतिनिधि ने गंभीरता से नहीं दिया ध्यान

लगातार क्षेत्र की जनता इस पैरी डेम निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग सांसद, विधायक, मंत्री एवं आला अधिकारियों से कर थक चुके है और कुछ वर्ष पहले पूर्व विधायक ओंकारशाह के प्रयास से सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने इस डेम स्थल का पूरी तरह से निरीक्षण कर इसका बजट बनाकर विभाग को भेजा भी था बहुत कम लागत में बड़े पैमाने पर किसानों के खेतों में सिंचाई हो सकती है लेकिन उसके बाद अब तक किसी भी अधिकारी इस ओर झांक कर देखना पसंद नहीं किया, उपेक्षा का शिकार पैरी डेम अधूरा पड़ा हुआ है एक तरफ राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हित में नीत नए- नए योजना संचालित कर तरह-तरह से पहाड़ों जंगलों से आने वाली पानी की बचाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है दूसरी तरफ गरियाबंद जिला को सिंचाई जिला घोषित करने के बावजूद इस महत्वपूर्ण पैरी डेम को पूरा करने किसी भी जनप्रतिनिधि व आला अधिकारियों ने अब तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया है। मैनपुर क्षेत्र के आसपास सिंचाई का कोई साधन नहीं है इस क्षेत्र के किसान भगवान भरोसे मौसम आधारित खेती करते है समय पर बारिश नहीं होने से तरह-तरह से किसान परेशान होते है, ऐसे समय में शासन को चाहिए कि इस पैरी डेम का निर्माण कर क्षेत्र के किसानों को सिंचाई साधन उपलब्ध कराई जाए।

## सर्पदंश, झाड़-फूंक नहीं सीधे अस्पताल जाएं



**रसेला।** बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने के कारण जमीन में रेंगने वाले जहरीले कीट, सांप, बिच्छू अपने बिलों रहवासों से बाहर आ जाते हैं, और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। वर्षा का पानी उनके बिलों में भर जाने तथा अपने भोजन की तलाश में ये बाहर आते हैं तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर लोगों की घरों में घुस जाते हैं। जिससे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है, स्वास्थ्य विभाग रसेला जनहित में सूचना जारी करते हुए कहा है कि सांप बिच्छू या जहरीले कीड़े मकोड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार कराने से उसकी जान बचाई जा सकती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के डॉ राहुल नेताम ने विशेषकर इस क्षेत्र लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सर्पदंश होने पर या जहरीले कीट के काटने पर एक से डेढ़ घंटे के भीतर पीड़ित को सही उपचार न मिलने उसकी मृत्यु भी हो सकती है, इसलिए पीड़ित को शीघ्र निकट के स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए लेकर आना चाहिए। कभी भी बैगा गुनिया या झाड़ फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। सभी सर्प जहरीले नहीं होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है। जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है। लोगों को बरसात के समय में जमीन पर न सोना चाहिए, इस समय खेती किसानी का दिन चल रहा है, खेतों जंगलों में काम करने जाते हैं, जिससे उनकी सर्पदंश होने की संभावना बढ जाती है। अतः सोते समय चारपाई और केमिकल युक्त मच्छरदानी का उपयोग करने, घरों में आसपास सफाई रखने और अंधेरे स्थानों में जाने के लिए टार्च का उपयोग करने तथा खेतों में काम करने के दौरान घुटने तक वाले जुते पहनने की सलाह दी गई है।

## खड़मा मंडल में 4.80 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)



भाजपा मंडल खड़मा को 4करोड़ 80 लाख रुपए के कार्यों का विधायक रोहित साहू ने अपने जन्म दिवस पर स्वीकृति दी तथा विधायक द्वारा सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं के हाथ से भूमिपूजन कराया गया। विधायक द्वारा कार्यकर्ताओं के हाथ से भूमिपूजन करने का यह ऐतिहासिक कार्य के प्रति सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ा है। खड़मा मंडल के सभी ग्रामों में विधायक के जन्मदिवस पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओ द्वारा शेड निर्माण, भवन निर्माण, सीसी रोड तथा विभिन्न प्रकार के कार्यों का भूमि पूजन किया गया तथा भाजपा मंडल खड़मा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गांव के शीतला मंदिर तालाब के किनारे तथा विभिन्न स्थानों पर आम, बर, पीपल, नीम तथा कई प्रकार के छायदार फलदार पौधा रोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा द्वारा अलग-अलग गांव के लिए प्रभारी सहप्रभारी नियुक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई तथा कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के द्वारा सफल बनाया गया। इस अवसर पर मीरा ठाकुर जनपद पंचायत अध्यक्ष, हेमंत सिन्हा मंडल अध्यक्ष, संदीप पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष, गुलशन सिन्हा महामंत्री, पुष्पा सिन्हा जनपद सदस्य, पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, पुरुषोत्तम गोस्वामी मंडल कोषाध्यक्ष, सुखबती टांडे जनपद सदस्य, यशवंत ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, सातों बाई ठाकुर उपसरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, हैप्पी गुरुदत्ता उपसरपंच ग्राम पंचायत मडेली, भरत निषाद युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, राहुल मिरी बूथ अध्यक्ष, ग्राम पंचायत लोहझर पंचगण, खम्भन नागेश, भरत बंदे, मनीराम ध्रुव घनश्याम ध्रुव, अरुण ठाकुर, हेमू पटेल, संगीत कांकडे, दीपाबाई यादव, भुनेश्वरी बघेल, मान बाई ठाकुर, संगीता बंजारे, जगती बाई, पार्वती बाई ठाकुर, रामबाई दिवान उपस्थित हुए।

#### बहमनी में 9.16 लाख रुपए की आदिवासी भवन का भूमिपूजन व पौधारोपण संपन्न



**मुड़ागांव(कोरासी)।** रोहित साहू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को ग्राम बहमनी में विधायक के द्वारा स्वीकृत 9.16 लाख के आदिवासी भवन का भूमिपूजन एवं पौधा रोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, अध्यक्षता पन्ना लाल ध्रुव अध्यक्ष सरपंच संघ छुरा, विशेष अतिथि तारिणी ध्रुव पूर्व सरपंच, पवन साहू पूर्व उपसरपंच, सोमन यदू पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, रमन नामदेव मंडल उपाध्यक्ष खड़मा, नारायण साहू बूथ अध्यक्ष द्वारतरा प्रहलाद ध्रुव, गैंद लाल साहू, बाबूलाल ध्रुव, अवध साहू, संतोष सिन्हा, रूपेंद्र साहू, अमर लाल साहू, महेश्वरी साहू उपसरपंच, कल्याणी ध्रुव पंच, पूना ध्रुव पंच, घनश्याम साहू पंच, हरिश ध्रुव पंच, चेतन ध्रुव, निलकंठ साहू, मानकी बाई साहू, नेहरू राम साहू, बिहारी लाल मरकाम, टीकमचंद साहू सचिव, परदेशी राम ध्रुव, नारायण साहू, बोधन निषाद आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

## योग शिक्षक नहीं होने से करोड़ों रुपए हो रहे हैं बर्बाद : योगाचार्य मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा




क्षेत्र के प्रतिष्ठित व प्रशिक्षित, योग विषय में मास्टर डिग्रीधारी योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा का कहना है कि शासन द्वारा प्रति वर्ष तीन भागों में कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा दसवीं तक जिसमें भाग 1 में प्राथमिक कक्षाओं के लिए तीसरी से पांचवी तक, भाग 2 में पूर्व माध्यमिक कक्षाओं के लिए छठवीं से आठवीं तक, भाग 3 में नवमी से दसवीं तक अन्य सभी मुख्य विषयों के साथ योग शिक्षा की पुस्तक वितरण किया जाता है, जिसमें प्रति वर्ष करोड़ों रुपए खर्च हो जाते हैं, स्कूलों में योग शिक्षक नहीं होने के कारण वह छपे हुए करोड़ों रुपए के पुस्तक यूंही व्यर्थ हो जाते हैं, क्योंकि उनको पढ़ाने के लिए उस विषय के विशेषज्ञ शिक्षक की आवश्यकता होती है, जैसे गणित, अंग्रेजी आदि विषयों के शिक्षकों की जरूरत होती है। शासन की मनसा समझ नहीं आती एक तरफ तो शासन बहुत अच्छा सोच कर योग के किताब को स्कूलों में अनिवार्य वितरण कराया जाता है, लेकिन शिक्षक नहीं होने के स्थिति में बच्चे उस बहुमूल्य उपयोगी पुस्तक को खोलते भी नहीं हैं। आज पूरी दुनिया योग की महत्ता को समझ कर अपना रही है, जबकि योग को भारत की अमूल्य धरोहर है इस विषय पर उदासीनता ठीक नहीं। भारत का पहला योग आयोग का गठन 2017 में छत्तीसगढ़ में हुआ। योग आयोग के गठन होने के एक उम्मीद सभी को जगी थी कि अब योग के क्षेत्र में बहुआयामी कार्य होंगे लेकिन वह भी नाम मात्र का आयोग रह गया है।आत्मानंद विद्यालयों में,नवोदय विद्यालय ,एकलव्य विद्यालय जैसे आवासीय विद्यालयों में योग शिक्षा अनिवार्य होना चाहिए।पी एमश्री स्कूल में सेटअप होने के बावजूद भी अभी तक शिक्षकों की भर्ती नहीं हो पाना दुर्भाग्यजनक है।

#### क्यों है बच्चों के लिए योग शिक्षा अनिवार्य

योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने योग शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं बच्चे , कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उन्हें जैसा बनाना चाहेंगे वह बन जायेंगे। योग शिक्षा से बच्चे संस्कारी और उच्च चरित्रवान बनेंगे, योग अहिंसा, सत्य, संतोष, स्वच्छता और अनुशासन जैसे मूल्यों को बढ़ावा देता है। ये शिक्षा प्रणालियों में महत्वपूर्ण हैं, जिससे योग अकादमिक और चरित्र शिक्षा दोनों का एक मूल्यवान हिस्सा बन जाता है।विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, अनुशासन बनाने, बच्चे नैतिकता वादी बनेंगे,स्वस्थ रहने और एकाग्रता में सुधार लाने में, देश भक्त बनाने में मदद करने के लिए स्कूलों में योग शिक्षा जरूरी है।योग शारीरिक स्तर पर शक्ति, सहनशक्ति, धीरज और उच्च ऊर्जा के विकास में मदद करता है और नशा जैसे दुर्व्यसन से बच सकते हैं।

## अतरमरा में रोपे गए पौधे



**हरिभूमि न्यूज पाण्डुका।** राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर समीपस्थ ग्राम अतरमरा में एक पेड़ मां के नाम तहत विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार वृक्षारोपण किया गया जिसमें जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा। इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है तथा उन्होंने लोगो से आगे भावी पीढ़ीयों के उज्जवल भविष्य ले लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच केजा बाई ध्रुव, मण्डल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, हेमंत निर्मलकर, टीकम सिन्हा, रामकुमार साहू, हेमलता साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## साहू समाज ने पीड़ित परिवार को 5 हजार रुपए की सहायता प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर



हरिभूमि एंव सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाकर सर्व समाज के सहयोग से सेंदर निवासी मृतक वेदप्रकाश साहू पीड़ित परिवार को लगभग 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भेंट की गई। वहीं विभागीय अधिकारीयों की ओर 70 हजार की आर्थिक सहायता दी गई है। इसी कड़ी में साहू समाज परिक्षेत्र परिक्षेत्र बोरसी अध्यक्ष गोवर्धन साहू, सचिव चमन साहू, सरक्षंक मोहन साहू, उपाध्यक्ष ओमकार साहू, ग्राम साहू समाज अध्यक्ष रामू साहू, पूर्व सरपंच रामाधार साहू ने उदारतापूर्वक 5 हजार रूपए नगद आर्थिक मदत की है। मृतक के भाई मोहन साहू ने बताया कि छोटा भाई विद्युत में ठेकेदार के अन्तर्गत कार्यरत थे, कार्य करते एक एक हादसा में मृत्यु हो गया।

रोजगार के अभाव के परिस्थितियों के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए ग्रामवासियों ने सहयोग से मिशन चलाया था।

**जिला प्रशासन ने श्यामनगर में किया मॉक ड्रिल**

## बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों का किया आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद




आगामी मानसून के मद्देनजर बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आज जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास जिला सेनानी के नेतृत्व मेंग्राम पंचायत श्यामनगर में तालाब में सम्पन्न किया गया। तालाब को कृत्रिम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मानकर सुरक्षा व्यवस्था, राहत एवं बचाव की तैयारी को परखा गया।

जिसमें विभिन्न सरकारी एजेंसियों और स्वयंसेवी संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की गति, प्रभावशीलता और विभिन्न टीमों के बीच तालमेल का मूल्यांकन करना था। इस दौरान बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, भोजन और आश्रय की व्यवस्था करना, तथा संचार व्यवस्था को बनाए रखना जैसे विभिन्न परिदृश्यों का अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय कर्मियों ने बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने, नावों का उपयोग कर बचाव कार्य करने, अस्थाई राहत शिविर स्थापित करने और चिकित्सा सहायता प्रदान करने का प्रदर्शन किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री रामसिंह सोरी, जिला सेनानी श्री पुष्पराज सहित नगरसेना के बाढ़ आपदा टीम एवं आपदा मित्र की संयुक्त टीम मॉक ड्रिल में मौजूद रहे।

#### आपदा का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें

डिप्टी कलेक्टर एवं जिला सेनानी ने मॉक ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण किया और सभी कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉक ड्रिल हमें अपनी तैयारियों का आकलन करने और किसी भी संभावित कमी को दूर करने में मदद करेगा। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और जनहानि व संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम कर सकें। सफल मॉक ड्रिल से यह स्पष्ट हो गया है कि जिला प्रशासन बाढ़ आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और बचाव कार्यों में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अभ्यास ने हमें अपनी रणनीति को और बेहतर बनाने का अवसर दिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर -15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411